पूर्व मध्य रेल

कार्यालय
महाप्रबंधक(प्रशासन)सामान्य
हाजीपुर

सं0 ईसीआर / एडीएम / प्रेम / 002 / पार्ट–X

दिनांकः 01 / 02 / 2024

**सभी प्रधान विभागाध्यक्ष,**
**पूर्व मध्य रेल ,हाजीपुर एवं**
**मंडल रेल प्रबंधक,**
**सोनपुर,समस्तीपुर,दानापुर,धनबाद,पं. दीनदयाल उपाध्याय,**
**पूर्व मध्य रेल।**

विषय –प्रबंधन में रेलवे कर्मचारियों की भागीदारी (प्रेम) ग्रुप की रेल स्तर पर प्रथम द्वितीय बैठक का कार्यवृत्त।

प्रबंधन में रेल कर्मचारियों की भागीदारी (प्रेम) ग्रुप की रेल स्तर पर दिनांक **16.01.2024** को हुई वर्ष 2024 की प्रथम बैठक की कार्यवृत्त की प्रति संलग्न कर भेजी जा रही है।

कृपया आपके विभाग / मण्डल से संबंधित मदों पर टिप्पणी हिंदी में हार्ड कॉपी (सॉफ्ट कॉपी–**dgmecr@gmail.com** पर) दिनांक **28.02.2024** तक अवश्य इस कार्यालय को भेजने की व्यवस्था करें।

संलग्नक : बैठक की कार्यवृत्त की प्रति।

01/02/24.
( अभिषेक कुमार )
उप महाप्रबंधक / सा0
सह सचिव / प्रेम समूह

प्रतिलिपि :

1. महाप्रबंधक के सचिव : महाप्रबंधक महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. अपर महाप्रबंधक के निजी सचिव : अपर महाप्रबंधक महोदय के सादर सूचनार्थ।
3. महासचिव / ईसीआरकेयू,ईसीआरपीओए,ईसीआरओए : बैठक की कार्यवृत्त की प्रति सूचनार्थ प्रेषित।
4. जोनल सचिव / एससी–एसटी एशो. : बैठक की कार्यवृत्त की प्रति सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रबंधन में रेलवे कर्मचारियों की भागीदारी (प्रेम) ग्रुप की रेल स्तर पर दिनांक 16.01.2024 को सभा कक्ष, महेन्द्रुघाट, पटना में हुई वर्ष 2024 की प्रथम बैठक का कार्यवृत्त :—**

**उपस्थिति :—**

| अधिकारीगण | प्रेम ग्रुप के सदस्यगण |
|---|---|
| **नाम (सर्वश्री/श्री मती) — पदनाम** | **ईसीआरकेयू** |
| 1. अनिल कुमार खंडेलवाल — महाप्रबंधक सह अध्यक्ष / प्रेम समूह | 1. श्री डी0के0 पांडये, अघ्यक्ष |
| 2. तरूण प्रकाश — अपर महाप्रबंधक | 2. श्री एस0 एन0 पी. श्रीवास्तव ,महासचिव |
| 3. अभिषेक कुमार — उप महाप्रबंधक/सा0 सह सचिव / प्रेम समूह | 3. एस0 एस0 डी0 मिश्रा कार्यकारी अध्यक्ष/ईसीआरकेयू |
| 4. एकनाथ मोहकर — प्रधान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजी. सह अध्यक्ष ईसीआरओए | |
| 5. डॉ0 अमित गर्ग — प्रमुख मुख्य इंजीनियर | **ईसीआरएससी/एसटी एशो.** |
| 6. राजेन्द्र कुमार चौधरी — प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर | 1. श्री पवन कुमार राम,महासचिव |
| 7. डॉ मनोज सिंह — प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक | |
| 8. शिव कुमार प्रसाद — प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक | **ईसीआरपीओए** |
| 9. छवि झा — प्रधान वित्त सलाहकार | 1. श्री बी0 के0 दास, अध्यक्ष |
| 10.सुजित कुमार मिश्रा — वरिष्ठ उप महाप्रबंधक | 2. श्री दीपक राज राय ,महासचिव |
| 11.रामजन्म — मुख्य प्रशासनीक अधिकारी/नि./उ. | |
| 12. हेमन्त कुमार — प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक | **ईसीआरओए** |
| 13 . .अमरेश कुमार — प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त | 1. श्री जे0पी0 सिंह, महासचिव |
| 14 .प्रभात कुमार — प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी | |
| 15 .अतुल प्रियदर्शी — मुख्य कार्य इंजीनियर | |
| 16 .सुमन कुमार सिंह — महाप्रबंधक के सचिव | |
| 17 .वीरेन्द्र कुमार — मुख्य जनसंपर्क अधिकारी | |

**पूर्व मध्य रेल/महेन्द्रुघाट, पटना में दिनांक 16.01.2024 को आयोजित प्रथम प्रेम बैठक की कार्यवृत**

बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि सभी के सहयोग से पूर्व मध्य रेल तेजी से अग्रसर है और हमें यह विचार करना है कि इससे भी बेहतर प्रदर्शन कैसे करें। हमने चालू वित्त वर्ष में आवंटित बजट का 98 प्रतिशत खर्च कर लिया है और बचे हुए समय के लिए संशोधित बजट भी मिला है जिसे पूरी तरह से खर्च करना है। स्टेशन डेवलपमेंट पर बेहतरीन कार्य किया जा रहा है । वंदे भारत एवं अमृत भारत स्पेशल गाड़ियों का परिचालन इस रेलवे पर शुरू हो चुका है । गाड़ियों का अतिरिक्त लगभग 100 ठहराव बढाया गया है तथा कई गाड़ियों का दूरी विस्तार किया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से विकास हो रहा है। इस वर्ष माह फरवरी तक यह रेल पूरी तरह से विद्युतीकृत हो जायगा । हम लदान के मामले में 200 मिलियन टन के लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब होंगे। लदान के मामले में हमें चौथे स्थान से दूसरे स्थान पर आना है। हमारा प्रयास होगा कि Empty rakes की कमी को पूरा कर सकें। धनबाद मंडल में कर्मचारियों के लिए आवास निर्माण एवं स्टेशनों पर पाईप लाईन से पेय जल की व्यवस्था करने हेतु योजना बनाई गई है । आप सभी से निवेदन है कि सामुदायिक केंद्रो को मजबूत बनाये और इन केंद्रो पर छोटे–छोटे प्रोग्राम/प्रतियोगितायें आयोजित करने के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने चर्चा के दौरान यह भी कहा कि पूरी तरह ध्वस्त किये जाने वाले क्वार्टरों के मलवों को एक चिन्हित स्थान पर एकत्रित करायें ।

| क्र.सं. | **मद** | **अभियुक्ति** |
|---|---|---|
| **1.0** | **श्री एस.एन.पी.श्रीवास्तव,महासचिव, ईसीआरकेयू** | |
| 1.1 | कर्मचारियों के रनओवर हो जाने पर इनके लिए कफन तथा फूल माला की उपलब्धता सरकारी तौर पर कराने पर बल दिया तथा ऐसी स्थिति आने पर रेलवे की ओर से कोई अधिकारी पीड़ित के घर पर जाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। | सभी प्रधान विभागाध्यक्ष |
| **2.0** | दानापुर , सोनपुर एवं समस्तीपुर मंडल में गाड़ियों के एसी कोच में अनधिकृत यात्रा को रोका जाना चाहिए। इसके लिए बड़े स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की भी सहायता ली जानी चाहिए। आवश्यक्ता पड़ने पर राज्य सरकार से भी समन्वय स्थापित किया जाना चाहिए। | प्रमुसुआ मरेप्र/दानापुर,सोनपुर, समस्तीपुर |
| 2.1 | केन्द्रीय चिकित्सालय में डायलिसिस सुविधाओं का उन्नयन इस प्रकार किया जाय कि सभी को समय पर इसका लाभ मिल सके। | प्रमुचिनि |
| 2.2 | धनबाद मंडल में इस तरह का प्रयास किया जाना चाहिए कि रनिंग स्टाफ का तनाव कम हो सके। | मरेप्र/धनबाद |
| 2.3 | चिकित्सकों की उपलब्धतता सुनिश्चित करने के लिए अधिक से अधिक सीएमपी उपलब्ध कराया जाय। | प्रमुचिनि |

| | | |
|---|---|---|
| 2.4 | सामुदायिक भवनों का विकास किया जाना चाहिए। | प्रमुइं |
| 2.5 | क्वार्टरों की स्थिति का सर्वे किया जाना चाहिए । क्वार्टरों के रहने योग्य अनुकुल नहीं रहने पर इन्हें पूरी तरह से मलवा सहित हटा दिया जाना चाहिए। | प्रमुइं |
| 2.6 | क्वार्टरों में अनधिकृत आवासन की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। | प्रमुइं |
| 2.7 | **श्री एस. एस. डी. मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष, ईसीआरकेयू** | |
| 2.8 | सफाई से संबंधित कार्यो का निपटारा अलग–अलग स्थानों पर अलग – अलग तरीकों से किया जा रहा है। इसमें एकरूपता लाई जानी चाहिए। | प्रमुवाप्र,प्रमुयांइं,प्रमुचिनि |
| **3.0** | सफाई पॉलिसी के संबंध में पीसीएमई,पीसीपीओ,पीसीएमडी एवं यूनियन की एक मीटिंग कराई जानी चाहिए। | **प्रमुकाधि** |
| 3.1 | किउल – गया खण्ड में सफाई के लिए राशि की उपलब्धता स्टेशनों के वर्गीकरण के अनुसार किया जाना चाहिए। | प्रमुवाप्र,प्रमुयांइं,प्रमुचिनि |
| 3.2 | ऐसा देखा गया है कि स्टेशनों पर साफ सफाई हर दूसरे दिन की जा रही है । जबकि साफ सफाई एक सतत प्रक्रिया है जो प्रतिदिन की जानी चाहिए। | प्रमुवाप्र,प्रमुयांइं,प्रमुचिनि |
| 3.3 | किउल स्टेशन पर बुकिंग ऑफिस को सामुदायिक भवन के रूप में विकसित करने हेतु चिन्हित किया गया है किन्तु वर्तमान में इसमें आरपीएफ/जीआरपी कब्जा जमा लेते हैं । इस स्थल को समुदायिक भवन के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। | प्रमुसुआ, प्रमुइं |
| 3.4 | राजगीर में नव निर्मित होली–डे–होम को बुकिंग हेतु अविलंब उपलब्ध कराया जाय। | प्रमुइं |
| 3.5 | रेलवे बोर्ड के सर्कुलर के अनुसार प्रशिक्षण केंद्रो के निरीक्षण हेतु एक कमिटी बनाई जानी चाहिए जिसमें यूनियन को शामिल किया जाना सुनिश्चित किया जाय। | सभी प्रधान विभागाध्यक्ष |
| 3.6 | आरएनसीसी एवं दानापुर में सिग्नल एवं दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षुओं के लिए और अधिक हॉस्टल की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाय। | मरेप्र/दानापुर, प्रमुसिदुइं |
| 3.7 | एलएचवी कोच के व्हील की कमी को दूर किया जाय। | प्रमुयांइं |
| 3.8 | भीड़ भाड़ वाले खण्ड पर अमृत भारत जैसी गाड़ियां चलाई जाय। | प्रमुवाप्र, प्रमुपरिप्र, |
| 3.9 | रेल मदद ऐप पर प्राप्त मामलों का समुचित तथा ससमय निवारण किया जाय। | सभी प्रधान विभागाध्यक्ष |
| 3.10 | **श्री पवन कुमार राम, महासचिव, एससीएसटी** | |
| 3.11 | आवास आवटंन में रेलवे बोर्ड की पॉलिसी को ध्यान में रखते हुए स्थानीय आवश्यकताओं के अनुकुल पॉलिसी में आवश्यक सुधार किया जाना चाहिए। | सभी प्रधान विभागाध्यक्ष |

| | | |
|---|---|---|
| **4.0** | कर्मचारियों का रोटेशनल स्थानांतरण यथासंभव निकटतम कार्यस्थल पर किया जाय ताकि उनके बच्चों की शिक्षा आदि पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े। | सभी प्रधान विभागाध्यक्ष |
| 4.1 | केंद्रीय आवास समिति की बैठक आयोजित की जानी चाहिए। | प्रमुकाधि |
| 4.2 | रेलवे में ठेके पर कार्यरत सफाई कर्मियों को नियमानुसार मजदूरी का भुगतान नहीं होता है । यह अमानवीय शोषण है। इससे रेल की ही छवि धूमिल होती है। इसे रोका जाना नितांत आवश्यक है साथ ही साथ इनके कार्य के घंटों का रेगुलेशन भी किया जाना चाहिए। | सभी प्रधान विभागाध्यक्ष |
| 4.3 | **श्री एकनाथ मोहकर, अध्यक्ष, ईसीआरओए** | |
| 4.4 | सभी कर्मचारियों को सीयूजी लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाय। | प्रमुसिदुइं |
| **5.0** | टीएडीके पॉलिसी निर्धारित करने के लिए सभी प्रधान विभागाध्यक्षगण एक नोडल अधिकारी का नामन उप महाप्रबंधक/सा0 को भेजें। | सभी प्रधान विभागाध्यक्ष |
| 5.1 | **श्री बी.के.दास, अध्यक्ष, ईसीआरपीओए** | |
| 5.2 | 195 मिलियन टन लदान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिदिन औसत 05 रेक की कमी को दूर करते हुए और अधिक खाली रेक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। | प्रमुवाप्र,प्रमुयांइ |
| **6.0** | करोना काल से स्पेशल की तरह चलाये जा रहे पैसेंजर गाड़ियों को करोना पूर्व की तरह चलाई जाय। इससे रेल की खराब हो रही छवि से बचा जा सकता है। | प्रमुवाप्र,प्रमुयांइ |
| 6.1 | **डॉ0 अमित गर्ग, प्रमुख मुख्य इंजीनियर** | |
| 6.2 | सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक system के द्वारा की जानी चाहिए। | प्रमुसिदुइं |
| **7.0** | **डॉ0 मनोज सिंह, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक** | |
| 7.1 | गाड़ी परिचालन के लिए टाईम टेवल के संबंध में यात्रियों के सुझाव व्यवहारिक होते हैं अतः इन पर अमल किया जाना चाहिए। | सभी प्रधान विभागाध्यक्ष |
| **8.0** | **श्री तरूण प्रकाश, अपर महाप्रबंधक** | |
| 8.1 | कांट्रैक्ट मैनेजरों को कांट्रैक्ट के नियमों से अवगत कराया जाना चाहिए। | सभी प्रधान विभागाध्यक्ष |

****